तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 6 अगस्त 2025

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

12 केशकाल के शिवधाम गोबराहीन में गूंजे 'बोल...

12 स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने किया कोंडागांव व ...


# शहर को स्वच्छ, सुंदर बनाने आठ स्थानों पर लगेंगी प्लास्टिक बिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर को स्वच्छ, सुंदर और प्लास्टिक मुक्त बनाने के उद्देश्य से रोटरी क्लब एक सराहनीय पहल करने जा रहा है। इस अभियान के तहत रोटरी क्लब शहर के आठ अलग-अलग प्रमुख स्थानों पर प्लास्टिक बिन लगाएगा। जिसमें नागरिक प्लास्टिक कचरा ,पानी की बोतलें, डिस्पोजल सामग्री एवं अन्य प्लास्टिक से निर्मित वस्तुएं डाल सकेंगे। इस अभियान में नगर निगम और रोटरी क्लब की सहभागिता रहेगी।

अलग खबर

महापौर संजय पाण्डे ने रोटरी क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अमित जायसवाल सहित अन्य पदाधिकारियों का सम्मान कर इस अभिनव पहल का समर्थन किया। महापौर ने रोटरी क्लब की इस सहभागिता को शहर हित में बताया और कहा कि शहर को स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त बनाने में जनभागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है।

महापौर ने कहा हमारा संकल्प है कि जगदलपुर को स्वच्छता के क्षेत्र में एक नई पहचान मिले। रोटरी क्लब जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों का साथ मिलना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हम सभी मिलकर जागरूकता बढ़ाएंगे, नागरिकों को प्रेरित करेंगे और शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाएंगे। यह भी तय किया गया कि प्लास्टिक बिन लगाने के साथ-साथ आमजन में प्लास्टिक ▶▶| शेष पेज 12 पर

## प्लास्टिकमुक्त बनाने रोटरी क्लब का अभिनव प्रयास

### प्लास्टिक के दुष्प्रभाव से निजात मिलेगी

महापौर ने कहा यह न केवल शहर को साफ-सुथरा बनाने की दिशा में एक प्रभावी कदम है, बल्कि नागरिकों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से अवगत कराने का भी माध्यम बनेगी। जल्द ही इस अभियान की शुरूआत की जाएगी।



### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में कमल सेठी, राहुल जैन, नवीन भावसार, संग्राम सिंह राणा, विवेक जैन, अमरदीप सोढ़ी, शाहिल बरबटिया, सुमन भावसार, खेमसिंह देवांगन, निर्मल पाणिग्रही, सुरेश गुप्ता, संजय विश्वकर्मा शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### ईडी ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना पर ली बैठक



**जगदलपुर**। विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के प्रशासनिक भवन परिसर के सभाकक्ष में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना पर कार्यपालक निदेशक ने कार्यपालन अधिकारियों, सहायक, कनिष्ठ अभियंताओं की बैठक ली। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को इस योजना पर जागरूक करें। बैठक में सहायक मुख्य अभियंता एके गुप्ता, अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम, कार्यपालन अभियंता, सहायक एवं कनिष्ठ अभियंता शामिल रहे।

### मनमानी फीस वसूली पर हाईकोर्ट का आदेश सराहनीय

**जगदलपुर**। जन अधिकार समाजिक कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रिका सिंह ने प्रदेश मे निजी स्कूलों की मनमानी फीस के संबंध मे उच्च न्यायालय बिलासपुर के द्वारा प्राइवेट स्कूलों की याचिका खारिज कर प्राईवेट स्कूलों की फीस तय करने का अधिकार राज्य सरकार को सौंपा गया है। इस निर्णय की उन्होंने सराहना की है। जारी प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि निजी स्कूलों के मनमानी पर नियंत्रण एंव उचित फीस का निर्धारण किया जान अति आवश्यक है।



### उत्कृष्ट प्रधानाचार्य पुरस्कार से सम्मानित होंगे रेड्डी

**बास्तानार**। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कोड़ेनार ब्लाक के बास्तानार के प्रधानाचार्य जी.शिवा रेड्डी लगातार तीसरे वर्ष इंडियन टेलेंट अवार्ड फाउन्डेशन द्वारा दिया जाने वाला बेस्ट प्रिंसिपल अवार्ड पाएंगे। मुम्बई में नवम्बर में होने वाले इस भव्य कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भारत की पहली महिला आईपीएस तथा पूर्व लेफ्टिनेंट गवर्नर डॉ किरन बेदी तथा ओलम्पिक चैम्पियन रही मशहूर खिलाड़ी साइना नेहवाल सम्मानित करेंगे।

### 15 अगस्त को घोषित किया गया शुष्क दिवस

**बीजापुर**। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संबित मिश्रा ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 के तहत वर्ष 2025 के लिए देशी-विदेशी मदिरा के फुटकर दुकानों का आबकारी नीति के अंतर्गत 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया है। जिसके अन्तर्गत जिला बीजापुर के समस्त देशी-विदेशी मदिरा दुकान व एफएल-7 सैनिक केंटीन में मदिरा धारण, विक्रय, परिवहन एवं परोसना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शुरूआत होगी

**बीजापुर**। जिला प्रशासन बीजापुर के द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बढ़ते उपयोग और भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए जिले में एआई कोर्स का प्रशिक्षण का आयोजन किया जाना है। यह कोर्स विशेष रूप से कॉलेज और स्कूल स्तर के विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी ज्ञान से सुसज्जित करने हेतु डिजाइन किया गया है। यह प्रशिक्षण निःशुल्क दिया जावेगा।

### स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल का शहर आगमन आज

बीजापुर। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा एवं बीस सूत्रीय कार्यान्वयन मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल 6 अगस्त को बीजापुर प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के कार्यो का अवलोकन और चिकित्सकीय संस्थाओं का निरीक्षण करेंगें।

## विडंबना: अफसरों का आना-जाना हुआ बंद, ग्रामीण निराश

# कांग्रेस शासन में बनी रीपा की हालत खस्ता तुरेनार में बने व्यावसायिक परिसर हो रहे जर्जर

सुरेश रावल ▶▶| जगदलपुर

■ सरकार बदलते ही योजना भगवान भरोसे

गांव के युवाओं को रोजगार देकर आत्मनिर्भर बनाने तथा महिला समूहों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए पिछली भूपेश सरकार ने रीपा योजना शुरू की थी। इसका नाम महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क दिया गया था। जिसमें बस्तर के संसाधनों विशेषकर वन और खनिज समेत प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले उत्पादों का वैल्यू एडिशन बनाना था ताकि इससे ग्रामीण क्षेत्र के सभी लोगों को आर्थिक रूप से मजबूत किया जा सके । बड़े ही तामझाम के साथ संभाग मुख्यालय से मात्र 8 किलोमीटर दूर ग्राम तुरेनार में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रीपा का लोकार्पण किया था। इसमें कई मंत्री और बस्तर संभाग के जनप्रतिनीधि और कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। सरकार बदलते ही रीपा का हाल बेहाल हो गया। हरिभूमि ने तुरेनार गांव का जायजा ▶▶| शेष पेज 12 पर

अलग खबर









### कीमती मशीनें हो रहीं कबाड़

राईस मिल एवं दाल मिल, रेशम धागाकरण इकाई, हाथकरघा बुनाई, मछली दाना सूखा ,पशु चारा एवं मुर्गी दाना, बेकरी स्नेक्स एवं नमकीन , लघु धान्य प्रसंस्करण कोदो कुटकी रागी एवं तिखुर , मसाला प्रसंस्करण हल्दी अचार , पेपर बैग , आईल मिल, प्रशिक्षण में रूकने वाली महिला प्रतिभागियों हेतु आवासीय परिसर, दोना पत्तल, पेपर प्लेट , पोहा मशीन, अगरबत्ती, धूप बत्ती, प्राकृतिक गोबर पेंट निर्माण इकाई । जैसे बड़े बडे काम यहां होने थे लेकिन अब सभी जगह ताले लगे होने से हालत खस्ता दिखी । वहीं कीमती मशीने भी कबाड़ हो रहे हैं।

### जल्द विजिट कर उचित कार्य योजना बनाएंगे

आज की स्थिति में भवन और मशीनें जर्जर हो रही है। कलेक्टर ने महिला समूहों को डेयरी तथा अन्य कार्य करने को कहा था। यहां रेडी टु ईट का काम किया जा सकता है। जल्द विजिट करूंगा। काफी विशाल परिसर और पक्का भवन है जिसका किस तरह सद्उपयोग किया जा सकता हैं इस पर विचार करेंगे। विधायक और सांसद को भी तुरेनार लाकर यहां कुछ बड़ा और अच्छा काम शुरू हो सके इसकी योजना बननी चाहिए वर्ना उपयोग नहीं होने से दुकानें और मशीनें जर्जर और कबाड़ जैसा हो जाएगा।

*पदलाम नाग अध्यक्ष*
*जनपद पंचायत जगदलपुर*

## वाहन विक्रेता 60 दिन के अंदर प्रदान करेंगे दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ मानसिक क्षतिपूर्ति पर 5 हजार पृथक से दिए जाने का आदेश

जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा मंगलवार को एक प्रकरण में वाहन विक्रेतागण द्वारा 60 दिवस के भीतर वाहन से संबंधित दस्तावेज आवेदक को प्रदान किए जाने अन्यथा प्रतिदिन 100 रूपए का जुर्माना अदा किए जाने और मानसिक क्षतिपूर्ति हेतु 5 हजार रुपए पृथक से दिया जाएगा। उक्त आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ द्वारा जारी किया गया।

न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गुफनी तहसील बस्तर निवासी खोलेश्वर प्रसाद पांडे द्वारा जिला सक्ति निवासी श्रीलाल भारद्वाज एवं श्रीमती नहरबाई भारद्वाज से एक बोलेरो वाहन क्रय किया गया था, जिसका पंजीयन आरटीओ कार्यालय जांजगीर चांपा में था। आवेदक द्वारा वाहन क्रय किए जाने के उपरांत आवेदक को लंबे समय तक विक्रेतागण द्वारा वाहन के स्वामित्व अंतरण हेतु आवश्यक दस्तावेज प्रदान नहीं किए गए थे। इस संबंध में आवेदक द्वारा विक्रेतागण से संपर्क कर आवश्यक दस्तावेजों की मांग की की गई थी, पर विक्रेतागण द्वारा वाहन विक्रय किए जाने के उपरांत स्वामित्व अंतरण हेतु आवश्यक दस्तावेज प्रदान न किए जाने के कारण आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। इस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना कि विक्रेतागण द्वारा वाहन का भौतिक कब्जा देने के बाद स्वामित्व के अंतरण हेतु आवेदक को वांछित दस्तावेज प्रदान न कर सेवा में कमी एवं व्यावसायिक कदाचरण किया गया है। जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा आवेदक को हुई मानसिक पीड़ा हेतु 5 हजार रूपए पृथक से दिए जाने का आदेश भी पारित किया गया है।




## घुमंतू पशुओं को लगेगी रेडियम पट्टी मालिकों पर लगाया जाएगा जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

■ समय-सीमा की बैठक कलेक्टर ने दिए निर्देश

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज समय सीमा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे कलेक्टर कुणाल दुदावत ने सर्वप्रथम विभाग प्रमुखों को अवगत कराया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम 15 अगस्त तक तीन चरणों में किया जाएगा। बैठक में कलेक्टर ने घुमन्तू पशुओं की वजह से हो रहे आकस्मिक दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए अधिकारियों को प्रभावी कार्रवाई के लिए निर्देश दिए। इसके तहत सभी संबंधित विभागों को काउ कैचर खरीदी के प्रस्ताव भेजने को कहा गया। इसके अलावा सड़कों में घुमन्तू पशुओं की उपस्थिति एवं उनके विचरण को रोकने के ▶▶| शेष पेज 12 पर

## फैसले से आदिवासी समाज में बढ़ेगी परेशानी : ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ सुप्रीम कोर्ट में अपील करेगा सर्व आदिवासी समाज

हाल ही में को सुप्रीम कोर्ट का एक फैसला में कहा गया है कि आदिवासियों में भी महिलाओं को संपत्ति का अधिकार मिलना चाहिए । उनका व्यक्तिगत मत है कि उक्त फैसला कॉस्टमरी लॉ के विपरीत है। फैसले से आने वाले समय में परेशानी हो सकती है।



प्रेस विज्ञप्ति जारी करके सर्व आदिवासी समाज बस्तर के संभागीय अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर ने यह बात कही है। उन्होंने कहा गोंड समाज की परंपरा (कॉस्टमरी ला) में महिलाओं को अपने पति की संपत्ति पर 100 प्रतिशत अधिकार होता है। पति की मृत्यु पर पत्नी के नाम पर फौजदारी , फौती काट कर जमीन पत्नी को चली जाती है। पत्नी की मृत्यु के बाद ही उनके बच्चों के नाम पर संपत्ति स्थानांतरित होती है। बेटी को पिता की संपत्ति में हिस्सा परंपरागत रूप से नहीं दिया जाता, क्योंकि कुल वधू प्रथा के अनुसार बेटी दूसरे कुल की सदस्य मानी जाती है। और जहां बिहाई जाती है ▶▶| शेष पेज 12 पर

## आदिवासियों की समस्याओं को कर रहे नजरअंदाज, उपेक्षा बर्दाश्त नहीं: अरविंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



■ सर्व आदिवासी समाज ने उठाए धर्मांतरण पर गंभीर सवाल

केंद्र और राज्य सरकारों सहित समस्त राजनीतिक दलों पर आदिवासी समाज की उपेक्षा का आरोप लगाया। संसद से लेकर सड़कों तक कुछ विशेष वर्गों के लिए आवाज बुलंद की जाती है, लेकिन आदिवासी समाज की वास्तविक समस्याओं को नजरअंदाज किया जाता है।

उक्त बातें सर्व आदिवासी समाज के नेता अरविंद नेताम ने मंगलवार को पत्रकार भवन में आयोजित पत्रवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज अब यह समझने लगा है कि उसके प्रति न तो राजनीतिक सहानुभूति है और न ही संवेदनशीलता। उन्होंने ईसाई मिशनरियों द्वारा चलाए जा रहे कथित धर्मांतरण के प्रयासों को लेकर भी गंभीर चिंता जताई। आरोप लगाया कि विदेशी फंडिंग के माध्यम से सेवा कार्यों की आड़ में सुनियोजित धर्मांतरण किया जा रहा है। खासकर बस्तर और अबुझमाड़ जैसे क्षेत्रों में। साथ ही कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा बेटियों को पैतृक संपत्ति में बराबरी का अधिकार देने संबंधी हालिया ▶▶| शेष पेज 12 पर

## लाखों पेड़ों की हो रही कटाई, बार-बार बदलाव से हो रहे परेशान

# बिजली बिल बढ़ाना जनता के साथ अन्याय : बैज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ डबल इंजन की सरकार की फेलवर नीति के चलते उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने की हो रही साजिश

400 यूनिट तक हाफ बिजली योजना में बीजेपी सरकार द्वारा किये बदलाव को लेकर कांग्रेस ने बीजेपी पर तीखा हमला बोला है। बीजेपी सरकार की 100 यूनिट तक हाफ बिजली की नई योजना पर भड़के पीसीसी चीफ दीपक बैज ने राजीव भवन में आयोजित पत्रवार्ता में कहा, जनता को लूटा जा रहा है। महतारी वंदन योजना में एक हजार रूपए देकर पिछले दरवाजे से जनता की जेब पर डाका डाला जा रहा है।

मंगलवार को कांग्रेस भवन में प्रेस वार्ता कर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ में बीजेपी सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि बिजली को लेकर साय सरकार आम जनता को लगातार बिजली के झटके दे रही है। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार अब तक चार बार बिजली के दरों में बढ़ोतरी कर चुकी है। आज से 4 सौ यूनिट हाफ बिजली योजना भी पूरी तरह बंद कर दी है। दीपक बैज ने कहा कि बार-बार बिजली बढ़ोतरी से प्रदेश की जनता त्रस्त हो चुकी है, एक ओर जनता बिजली बिल में बढ़ोतरी से त्रस्त है तो वहीं दूसरी ओर प्रतिदिन होने वाले बिजली कटौती से परेशान भी है। दीपक बैज ने सवाल उठाते हुये कहा कि बिजली के मामले में छत्तीसगढ़ सरप्लस राज्य है और अन्य राज्यों को बेचता है उसके बाद भी हमारे यहां बिजली महंगी क्यों है। उन्होंने कहा कि यह बीजेपी की डबल इंजन की सरकार की सफलता है। अपने उद्योगपति मित्रों को फायदा पहुंचाने के लिए किया जा रहा है। पीसीसी चीफ दीपक बैज ने सरकार से इस बढ़ी हुई बिजली दर को वापस लेने की मांग करते हुये कहा कि महतारी वंदन के नाम से एक हजार रूपए देकर पिछले दरवाजे से जनता को लूटना बंद करे सरकार। बैज ने कहा कि प्रदेश में भूपेश सरकार के समय शुरू हुई हाफ बिजली बिल योजना में साय सरकार ने बदलाव किया है। अब तक घरेलू उपभोक्ताओं को 4 सौ यूनिट तक बिजली खपत पर आधा बिल चुकाना पड़ता था। लेकिन 1 अगस्त 2025 से यह सीमा घटाकर 100 यूनिट कर ▶▶| शेष पेज 12 पर



### प्रदेश में शिक्षाविदों के होने के बाद भी बाहरी प्रदेशों से बनाए कुलपति

*पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने आगे कहा यह बेहद दुर्भाग्यजनक है कि भाजपा सरकार बनने के बाद विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्तियों में बाहरी लोगों को नियुक्त किया जा रहा है। शासकीय विश्वविद्यालयों में कुलपति के नियुक्त प्रदेश के बाहर के लोगों का क्यों किया जा रहा है। यह प्रदेश के योग्य बुद्धजीवियों प्राध्यापकों का अपमान है। आज प्रदेश के लगभग सभी विश्वविद्यालयों में कुलपति अन्य प्रदेशों के है।*

## विश्व आदिवासी दिवस पर दिया जाएगा पात्र हितग्राहियों को वनाधिकार पत्र



■ समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

**बीजापुर**। कलेक्टर संबित मिश्रा ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों, नियद नेल्लानार गांवो में मूलभूत सुविधाओं, अधोसंरचनाओं के विस्तार की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि स्थानीय ग्रामीण युवाओं को विकास कार्यो में सहभागिता देने सहित रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने राजमिस्त्री का निःशुल्क प्रशिक्षण नियमित रूप से आयोजित करने को कहा विशेषकर ऐसे गांवो के युवाओं को प्राथमिकता दें जिस गांव में 100 से अधिक प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुऐ हैं।

जिले में चिन्हांकित नियद नेल्लानार के 117 गांवो में बिजली, जल-जीवन मिशन के तहत हर घर नल, मोबाईल कनेक्टिविटी, साप्ताहिक हाट-बाजार सहित स्कूल, आंगनबाड़ी, राशन दुकान के निर्माण कार्यो के प्रगति की समीक्षा करते हुए शतप्रतिशत सैचुरेशन करने शिविर में अधिक से अधिक ग्रामीणों को लाभान्वित करने के निर्देश ▶▶| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### कांग्रेसियों ने मनाई बस्तर टाइगर शहीद महेंद्र कर्मा की जयंती



**कोण्डागांव।** जिला कांग्रेस भवन में बस्तर टाइगर शहीद महेन्द्र कर्मा की जयंती 4 अगस्त को श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा के दौरान नेताओं ने महेन्द्र कर्मा के जीवन, संघर्ष और बस्तर क्षेत्र में उनके योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि शहीद महेन्द्र कर्मा हमेशा जनहित और आदिवासी समाज के विकास के लिए समर्पित रहे, और उनकी बलिदान गाथा आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। श्रद्धांजलि सभा के दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष झूमुकलाल दीवान, प्रभारी महामंत्री रितेश पटेल, जे. पी. यादव, शहर अध्यक्ष नरेन्द्र देवांगन, सकुर खान, ब्लॉक अध्यक्ष संजय करन, तबस्सुम बानो, उमर मेमन, सुनील रैकवार, रितेश गोयल, किशोर ध्रुव, सनी चोपड़ा, रविन्द्र दीवान, बुधराम मरकाम और गीतेश बघेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### करंट की चपेट में आने से ग्रामीण की हुई मौत

**कांकेर।** विद्युत पोल में बिजली कनेक्शन में आई खराबी का सुधार करने के दौरान बड़गांव थानांतर्गत 30 वर्षीय मानसाय मंडावी का 3 अगस्त को मौत हो गया। पालवी निवासी धनसाय मंडावी ने पुलिस को बताया कि मृतक बिजली पोल से चालू हालत में बिजली कनेक्शन वायर में सुधार कार्य कर रहा था। अचानक करंट लगने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

# केशकाल के शिवधाम गोबराहीन में गूंजा 'बोल बम' का जयकारा, उमड़ा जनसैलाब

## सावन के चौथे सोमवार को सैकड़ों कावड़ियों ने किया जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल।

सावन के चौथे सोमवार को केशकाल का पावन धाम गोबराहीन 'बोल बम का नारा है, बाबा एक सहारा है' के जयकारों से गूंज उठा। सैकड़ों कावड़ियों का दल श्रृंगऋषि सिहावा से जल लेकर पैदल यात्रा करते हुए यहाँ पहुँचा और विशाल शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। इस दौरान पूरे रास्ते में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था, जिसे पुलिस प्रशासन और स्थानीय समितियों ने भी फूल बरसाकर सराहा। कांवड़ियों का दल शनिवार दोपहर सिहावा से जल लेकर निकला था और विश्रामपुरी ब्लॉक के कोर गाँव में रात्रि विश्राम किया। सोमवार सुबह 4 बजे से ही डीजे की धुन पर नाचते-गाते ये केशकाल पहुँचे, जहाँ नगर वासियों और विभिन्न समितियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। सावन के महीने में हर सोमवार को केशकाल के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही थी, और इस अंतिम सोमवार को यह उत्साह चरम पर था।

इस पावन अवसर पर विभिन्न समितियों द्वारा क्षेत्र में भजन-कीर्तन के कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। केशकाल नगर के चौक-चौराहों में बजरंग दल के युवाओं ने आकर्षक झांकियां निकालीं, जो लोगों के बीच कौतूहल का विषय बनी रहीं। कांवड़ियों ने नगर का भ्रमण करने के बाद गोबराहीन पहुँचकर जलाभिषेक किया। यहाँ पहुँचने वाले श्रद्धालुओं के लिए ग्रामीणों ने भोजन का भी प्रबंध किया था। वहीं, व्यापारी प्रकोष्ठ के राज किशोर राठी ने अपने प्रतिष्ठान के सामने कांवड़ियों के लिए जलपान की व्यवस्था की।

### मानस गान से भक्ति की बही धारा

शिवधाम गोबराहीन में पूजा-अर्चना के साथ ही शानदार मानस गान का आयोजन भी किया गया। विधायक नीलकंठ टेकाम के मार्गदर्शन में, जिला पंचायत सदस्यों और अन्य वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कोर्रा प्लाट, फरसगाँव के 'शिव शरण मानस परिवार' ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से सभी भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस कार्यक्रम का संचालन ईश्वर नारायण बैस ने किया।



### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस महत्वपूर्ण अवसर पर कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में जनपद पंचायत केशकाल की अध्यक्ष श्रीमती नंदनी पोटाई, आकाश मेहता जिला महामंत्री, पार्षद भूपेश चंद्राकर और महेश तारम शामिल थे। समापन समारोह में पूर्व जनपद अध्यक्ष महेंद्र नेताम, राजेश नेताम, पीताम्बर नाग और अनिल उसेण्डी जैसे प्रमुख लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में लोकेश गायकवाड, ईश्वर बैस और प्रकाश साहू का विशेष सहयोग रहा।

## निरीक्षण : नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने दिए निर्देश

# स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने किया कोंडागांव व फरसगांव के अस्पतालों का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव/फरसगांव

प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मंगलवार को कोंडागांव जिले का दौरा कर जिला चिकित्सालय कोंडागांव और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, फरसगांव का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना और उन्हें मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि राज्य के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना ही शासन की पहली प्राथमिकता है।

- जिला चिकित्सालय में नये ओटी निर्माण के लिए 80 लाख रुपए की दी स्वीकृति

निरीक्षण के दौरान श्री जायसवाल ने जिला चिकित्सालय कोंडागांव में एक नए ऑपरेशन थिएटर (ओटी) के निर्माण के लिए 80 लाख रुपये की स्वीकृति भी प्रदान की। उन्होंने अस्पताल के आपातकालीन चिकित्सा कक्ष, मेजर ओटी वार्ड, सर्जिकल वार्ड और अन्य विभागों का जायजा लिया। मंत्री ने अस्पताल में सुविधाओं, दवाइयों की उपलब्धता, साफ-सफाई और मरीजों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की जाँच की।



### मरम्मत कार्यों की रिपोर्ट एक सप्ताह में पेश करने के निर्देश

*जिला अस्पताल में चल रहे मरम्मत कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए, मंत्री ने सीजीएमएससी के अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होंने मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए बेड की संख्या बढ़ाने और नए ऑपरेशन थिएटर के निर्माण की बात कही। इसके बाद, उन्होंने मातृ शिशु चिकित्सालय में स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के सोनोग्राफी कक्ष का दौरा कर सोनोग्राफी कार्य को व्यवस्थित करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएँ करने को कहा। उन्होंने स्टाफ की कमी को दूर करने के लिए जिला स्तर पर हो सकने वाली भर्तियों को शीघ्र पूरा करने और बाकी पदों पर राज्य स्तर पर भर्ती करने की बात कही।*

### मरीजों से बात कर जानी हकीकत

*स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने निरीक्षण के दौरान कई मरीजों से व्यक्तिगत रूप से बात की। उन्होंने उनसे इलाज, दवाइयों और भोजन की गुणवत्ता के बारे में पूछा। मरीजों से सीधे संवाद कर उन्होंने अस्पतालों में मिल रही सुविधाओं की जमीनी हकीकत को समझने की कोशिश की, जिससे अधिकारियों को सही और सटीक निर्देश दिए जा सकें। उनका यह कदम मरीजों के बीच विश्वास बढ़ाने वाला साबित हुआ।*

### ये रहे मौजूद

*स्वास्थ्य मंत्री के साथ इस महत्वपूर्ण दौरे के दौरान छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विस कॉरपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष दीपक महस्के, बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक लता उसेंडी, स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया और कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना भी उपस्थित थीं। इनके अलावा, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, सीएमएचओ डॉ. आरके चतुर्वेदी, सिविल सर्जन डॉ. प्रेम मंडावी, फरसगांव बीएमओ डॉ. ज्योतिर्मयी प्रभावती सहित कई स्थानीय नेता और अधिकारी मौजूद थे।*

## जिला प्रवास पर पहुंचे

# स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी का हुआ आत्मीय स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा तथा बीस सूत्रीय कार्यान्वयन विभाग के मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के कोंडागांव पहुँचने पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। स्थानीय सर्किट हाउस में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी और कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने मंत्री का हार्दिक स्वागत किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विस कॉरपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष दीपक महस्के और स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया भी मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त, मंत्री श्री जायसवाल का स्वागत जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता शोरी, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष नरपति पटेल और जनपद पंचायत अध्यक्ष सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी किया।




# हर घर तिरंगा अभियान की सफलता के लिए वर्चुअल बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राष्ट्र के आदर्श मूल्यों और राष्ट्रप्रेम को जन–जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित "हर तिरंगा हर घर तिरंगा" अभियान के अंतर्गत एक वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अभियान की प्रभारी एवं भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी ने बिहार, झारखंड और उड़ीसा के प्रदेश टोली पदाधिकारियों एवं सदस्यों से जुड़कर कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने पर चर्चा की।

वर्चुअल बैठक को संबोधित करते हुए लता उसेंडी ने कहा कि एक देश, एक संविधान के सिद्धांत ने भाजपा की वैचारिक नींव को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए संगठन ने हमेशा स्पष्ट दिशा दी है। गरीबों, ग्रामीणों व पिछड़ों लता उसेंडी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा आज "सेवा, संगठन और समर्पण" के मंत्र पर कार्य कर रही है। इसी भावना के साथ समाज कल्याण और राष्ट्र प्रेम को प्रोत्साहित करने के लिए "हर तिरंगा हर घर तिरंगा" अभियान को जन–जन तक पहुँचाया जा रहा है। बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों ने यह संकल्प लिया कि हर तिरंगा हर घर तिरंगा अभियान को घर–घर तक पहुँचाकर राष्ट्र प्रेम और जनभागीदारी को और सशक्त बनाया जाएगा।



**प्रदेश पदाधिकारी व सदस्य हुए शामिल** – वर्चुअल बैठक में बिहार से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, संयोजक प्रेम रंजन पटेल, सहसंयोजक मुकेश शर्मा, नितिन अभिषेक, श्रीमती अनामिका पासवान सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। झारखंड से मनोज सिंह, नंद जी प्रसाद, शशांक राज, बबलू भगत, श्रीमती सीमा सिंह तथा ओडिशा से भाजपा प्रभारी विजय पाल सिंह तोमर, शारदा प्रसाद और सीमांचल खातई सहित अनेक पदाधिकारी वर्चुअल रूप से शामिल हुए।

# जिला अस्पताल में अव्यवस्था कांग्रेस ने मंत्री से की शिकायत

**कोण्डागांव।** स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के जिले दौरे के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने जिला अस्पताल की बदहाल व्यवस्था को लेकर मंत्री से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि अस्पताल में गंदगी और अव्यवस्था का आलम है। डॉक्टरों की भारी कमी है और अस्पताल सिर्फ 'रिफर सेंटर' बनकर रह गया है। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि अस्पताल में हालात इतने खराब हैं कि पोस्टमार्टम के लिए स्वीपर तक उपलब्ध नहीं है। रात में डिलीवरी के लिए टॉर्च की रोशनी का सहारा लेना पड़ता है। वहीं, डीएमएफटी फंड से नियुक्त स्वास्थ्य कर्मचारियों का वेतन 4–5 महीनों से लंबित है। पूर्व मंत्री मोहन मरकाम की विधायक निधि और अन्य मदों से प्रदत्त 9–9 एम्बुलेंस अब तक जिला स्वास्थ्य कार्यालय में खड़ी–खड़ी धूल खा रही हैं। विभाग उनका रजिस्ट्रेशन तक नहीं करा पाया, जिससे जनता इनका लाभ नहीं ले पा रही है।



**मंत्री ने दिलाया कार्रवाई का आश्वासन** – स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कांग्रेस नेताओं को आश्वस्त किया कि दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। एम्बुलेंस सेवा को जल्द ही सुचारु कर जनता को समर्पित किया जाएगा।

**ये रहे मौजूद** – ज्ञापन सौंपने के दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष झूमूकलाल दीवान, प्रभारी महामंत्री रितेश पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष संजय करन, शहर अध्यक्ष नरेन्द्र देवांगन, मंडल अध्यक्ष नंदू दीवान, जिला सचिव उमर मेमन, सनी चोपड़ा, रविन्द्र दीवान और सुनील रैकवार सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कोंडागांव में 'बने खाबो, बने रहिबो' अभियान की धूम, खाद्य सुरक्षा पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राज्य शासन के निर्देश पर, बरसात के मौसम में खाद्य जनित बीमारियों को रोकने के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन, छत्तीसगढ़ द्वारा बने खाबो – बने रहिबो नाम से एक विशेष जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य आम जनता को स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना है। यह अभियान पूरे राज्य में 4 से 6 अगस्त 2025 तक आयोजित किया जा रहा है।

- सफाई और गुणवत्ता को लेकर खाद्य विभाग सख्त चलित लैब से हो रही जांच
- दुकानदारों को भी किया जा रहा जागरूक

इस अभियान के तहत, खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम जिले के होटल, रेस्टोरेंट, स्ट्रीट फूड वेंडर्स और अन्य प्रतिष्ठानों की सघन जाँच कर रही है। चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से मौके पर ही खाद्य पदाथोंर् की गुणवत्ता की जाँच की जा रही है। सोमवार को कोंडागांव में 14 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया और 54 खाद्य सामग्रियों की मौके पर जाँच की गई। इस दौरान मारवाड़ी भोजनालय से अरहर दाल और गुलाबी चना, सुनीता होटल से पेड़ा और बेसन लड्डू, और न्यू संजय स्वीट्स से खोवा के नमूने लेकर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजे गए हैं। जाँच के साथ–साथ, दुकानदारों और आम लोगों को कई महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक भी किया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के नियम, अखबारी कागज के उपयोग से होने वाले नुकसान, बासी खाने का उपयोग न करना, पीने के पानी की जाँच, एक ही तेल को बार–बार गर्म करके इस्तेमाल करने के नुकसान, खाद्य सामग्री संभालने वाले कर्मचारियों की स्वच्छता का महत्व, खाद्य कारोबारियों और आम लोगों को त्यौहारों से पहले विशेष सावधानी बरतने के भी निर्देश दिए गए हैं।



# माताओं को गुणवत्तापूर्ण स्तनपान और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले में विश्व स्तनपान सप्ताह में मातृत्व और बाल स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 7 अगस्त तक विभिन्न जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मंगलवार को उपस्वास्थ्य केंद्र जामकोटपारा, कोपाबेड़ा और आंगनबाड़ी केंद्र गिरोला बड़ेपारा तथा गिरोला आवासपारा में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना और डीपीओ अवनी कुमार बिसवाल के मार्गदर्शन में कार्यक्रम हुए।

कार्यक्रमों में माताओं को स्तनपान से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि शिशु के शुरुआती छह महीनों तक केवल माँ का दूध ही सबसे संपूर्ण आहार होता है। इसके अलावा, दूध के अन्य विकल्प, बोतल से दूध पिलाने के नुकसान और पूरक आहार के बारे में भी जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने इस बात पर जोर दिया कि स्तनपान कराने वाली माताओं को सही मार्गदर्शन और समर्थन मिलना चाहिए, ताकि शिशु का शारीरिक और मानसिक विकास सुनिश्चित हो सके। इस मौके पर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत भी एक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें लैंगिक समानता और बालिकाओं की शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला गया।




**ये रहे उपस्थित**- आयोजन में महिला एवं बाल विकास विभाग मिशन शक्ति से जिला मिशन समन्वयक श्रीमती रीना सिंह ठाकुर, जेंडर विशेषज्ञ उमेश कुमार मरापी, पर्यवेक्षक श्रीमती रूखमणी साहू, उपस्वास्थ्य केंद्र से आरएचओ और मितानिन कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष

### शहर को स्वच्छ...

उन्मूलन के प्रति जागरुकता फैलाने अभियान भी चलाया जाएगा। स्कूलों, कॉलेजों, बाजार क्षेत्रों और सार्वजनिक स्थलों पर विशेष कार्यक्रम किए जाएंगे। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने कहा कि रोटरी क्लब सदैव समाज सेवा के लिए प्रतिबद्ध है। प्लास्टिक मुक्त शहर का सपना तभी साकार होगा जब हम सभी मिलकर इसमें सहभागी बनें। नगर निगम के साथ मिलकर यह पहल शुरू की जा रही है, जो भविष्य में एक आदर्श उदाहरण बनेगी।

### कांग्रेस शासन में...

लिया जहां अलग अलग व्यवसाय के लिए बड बड़े बड़े कमरे तैयार किए गए थे। उनमें दो तीन को छोड़कर बाकी सभी में ताले लटके नजर आए। काजू और रेशम धागा के दो कमरों में कुछ महिलाएं काम करती दिखाई पड़ी । बाकी दुकानें जर्जर होने लगी हैं। वहीं विशाल परिसर में झाड़ झंकाड़ उग आने से विशाल सुंदर व्यवसायिक काम्पलेक्स जैसा बना पक्का भवन अब राम भरोसे रह गया है। प्रत्येक कमरें में व्यापार से संबंधित लिखे गए शब्द काफी आर्कषक और ग्रामीणों के सपनों को ऊंची उड़ान के साथ सम्पन्न बनाने का संदेश देते लग रहे हैं। लेकिन वहां ऐसी कोई व्यापारिक गतिविधियां दिखाई नहीं दी, ना ही गांव का कोई जिम्मेदार पंच ,सरपंच, कोटवार या जिम्मेदार व्यक्ति मिला। महिलाओं ने कहा कि अब यहां कोई नही आता । सरकार बदलने के बाद अधिकारियों का जबसे आना जाना बंद हुआ है। तब से गांव के लोग निराश हो गए है।

### घुमंतू पशुओं को...

लिए ग्राम सभाओं में प्रस्ताव पारित करने को भी कहा गया। इसके साथ ही पशुओं में रेडियम पट्टी लगाने, चौक चौराहों में पशुओं के विचरण स्थल का चिन्हांकन, एनएच मार्गों में मवेशियों की उपस्थिति संबंधित वोर्ड लगाने, निगरानी दल गठन करने के साथ-साथ डेयरी मालिकों पर जुर्माने संबंधी कार्रवाई किये जाने के लिए भी कलेक्टर ने निर्देशित किया। स्वतंत्रता दिवस के तहत प्रथम चरण 8 अगस्त, द्वितीय चरण 9 से 12 अगस्त और तृतीय चरण 13 से 15 अगस्त तक चलेगा। अभियान के दौरान समस्त शासकीय भवनों एवं संस्थानों, आवासीय भवनों में तिरंगा फहराया जाएगा। इसके साथ ही भवनों को रोशनी उसके परिसरों को, रंगोली से सजाया जाएगा और सेल्फी जोन तैयार किए जाएंगे। हर घर तिरंगा कार्यक्रम का पम्पलेट, बैनर, स्टैंडीज आदि के माध्यम से स्थानीय भाषाओं में प्रचार-प्रसार किया जाएगा। प्रथम चरण के अंतर्गत विद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों को तिरंगा आर्ट से सजाया जाकर रंगोली प्रतियोगिताएं, तिरंगे को स्थानीय इतिहास पर प्रश्नोत्तरी, तिरंगा राखी निर्माण हेतु कार्यशालाएं एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

### फैसले से आदिवासी...

वहां उन्हें 100 प्रतिशत मालकिन का दर्जा प्राप्त है। इसीलिए गोंड समाज में दहेज प्रथा शून्य प्रतिशत है, भ्रूण हत्या नहीं होती है, महिला पुरुष में कोई असमानता नहीं है । काठी मौत मिट्टी के भी सभी रस्मों को महिला ही निभाती हैं। गोंड समाज में लड़का वाला लड़की ढूंढने जाता है। गोंड समाज में कोर्ट शादी वर्जित है, जिसे समाज में मान्यता नहीं है। क्योंकि वो रस्मों रिवाज मरने के बाद कुंडा नेग में शामिल होने के लिए जरूरी होता है। अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर ने कहा यह फैसला एक ओर महिलाओं के अधिकारों को मजबूत करता है, वहीं दूसरी ओर आदिवासी समाज की परंपराओं और सामाजिक संरचना पर गहरा प्रभाव डाल सकता है। जागरूकता ही बचाव है। समाज इस पर गहरी चिंता मनन कर सुप्रीम कोर्ट में अपील करेगी जिसके लिए ट्राइबल लीगल एड विंगइंडिया से लगातार चर्चा परिचर्चा जारी है।

### आदिवासियों की समस्याओं...

फैसले पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की परंपराएं, संस्कृति और कुल-देवताओं से जुड़ी भूमि व्यवस्था इस निर्णय से प्रभावित हो सकता है। बिना सामाजिक विमर्श के ऐसे निर्णयों से भविष्य में विवाद और मुकदमों की संख्या बढ़ सकती है। उन्होंने मांग रखी कि भारत सरकार आदिवासी विकास के लिए स्वीकृत बजट और विदेशों से आने वाली मिशनरी फंडिंग की पारदर्शिता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सरकार आदिवासी समाज की परंपराओं, कस्टमरी लॉ और धार्मिक-सांस्कृतिक संरचना को समझते हुए ही कोई निर्णय लें, अन्यथा यह समाज के भीतर असंतोष और विघटन का कारण बन सकता है। पत्रवार्ता में राजाराम तोड़ेम, दशरथ कश्यप आदि शामिल रहे।

### बिजली बिल बढ़ाना...

दी गई है। अब केवल उन्हीं उपभोक्ताओं को हाफ बिजली बिल की छूट मिलेगी जिनकी मासिक खपत एक सौ यूनिट या उससे कम है। बिजली विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर सभी संबंधित एजेंसियों को पालन करने के निर्देश दिए हैं। पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा कि कोयला हमारा, पानी हमारा, जमीन हमारी और हमें ही महंगे दर पर बिजली बेचा जा रहा है सरकार के इस जनविरोधी निर्णय के खिलाफ कांग्रेस पूरे प्रदेश में आंदोलन करेगी। उन्होंने इसे जनता के साथ धोखा और अन्याय बताते हुए कहा कि इसके खिलाफ पूरे प्रदेश के जिला मुख्यालयों के बिजली दफ्तरों का 7 अगस्त को घेराव कर प्रदर्शन किया जाएगा। बैज ने कहा कि पूरे प्रदेश में लाखों पेड़ों की कटाई की जा रही है और आदिवासी मुख्यमंत्री व वनमंत्री चुप बैठे है।

**ये रहे मौजूद**- प्रेसवार्ता में मुख्य रूप से शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य, ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला, नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, उपनेता कोमल सेना, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, महामंत्री जाहिद हुसैन, जावेद खान, यूंका अध्यक्ष अजय बिसाई, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश राय, बलराम यादव, संतोष सेठिया, निकेत झा, अनुराग महतो, पार्षद जस्टिन भवानी, सुषमा सुता, बी ललिता राव, हेमंत कश्यप, ज्योति राव एवं अन्य मौजूद थे।

### विश्व आदिवासी दिवस...

दिए। त्वरित एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच दूरस्थ क्षेत्र में हो जिसके लिए एंबुलेंस की पहुंच सुनिश्चित करने टोल फ्री नंबर का सुदूर क्षेत्रों के गांवो में व्यापक प्रचार-प्रसार करने गावों में मुनादी एवं दीवार लेखन कराने के निर्देश दिए। सर्वेक्षित शाला त्यागी एवं अप्रवेशी बच्चों को स्कूल में पुनः प्रवेश हेतु जनप्रतिनिधि एवं समुदाय से सहयोग लेकर शतप्रतिशत बच्चों को स्कूल से जोड़ने के निर्देश दिए। 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में पात्र हितग्राहियों को वनाधिकार पत्र का वितरण करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। जिले में संचालित आवासीय विद्यालयों, पोटोकेबिन, आश्रम, छात्रावासों का नामजद अधिकारियों द्वारा समय-सीमा में निरीक्षण करने के साथ ही विगत पांच वर्षो में स्वीकृत निर्माण कार्यो, संस्था को प्राप्त एवं क्रय किए गए सामग्रियों का भौतिक सत्यापन कर उपयोग, मरम्मत एवं विनिष्टिकरण की कार्रवाई हेतु निर्देशित करने को कहा गया। बैठक में आरबीसी 6-4 के लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण, मुख्यमंत्री जनदर्शन, पीजी पोर्टल एवं कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने, आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### संस्था में हुआ सुंदरकांड का पाठ



**जगदलपुर।** अंजू शिक्षण एवम सिलाई संस्था में बेबी तापसी की पुण्यतिथि मनाई गई। जिसमें संस्था के नन्हे मुन्ने बच्चों एवम अंजू सिलाई सेंटर के स्टूडेंट्स ने श्रद्धांजलि अर्पित की । इस अवसर पर सुन्दरकांड का पाठ किया गया।

### रामलला दर्शनार्थियों को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना



**लोहंडीगुड़ा।** छत्तीसगढ़ शासन की रामलला दर्शन योजना के तहत लोहंडीगुड़ा के 8 ग्रामीण को जनपद उपाध्यक्ष डॉ.बसन्त कश्यप ने मंगलमय यात्रा की कामना सहित हरी झंडी दिखा कर अयोध्या के लिए रवाना किया। ग्रामीणों में दर्शन को लेकर बहुत उत्साह है। डॉ. बसंत कश्यप जनपद उपाध्यक्ष ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के घोषणा के अनुसार रामलला के दर्शन करवाने की योजना पर अमल करते हुए हर माह लाभार्थियों को रामलला के दर्शन करवाया जाता है। उक्त अवसर पर मण्डल अध्यक्ष मंगतु राम कश्यप, चन्द्रशेखर ठाकुर, पूर्व जनपद सदस्य बोन्जाराम एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी धनेश्वर पाण्डे मौजूद थे।

### व्यास पूजन व तुलसीदास जयंती समारोह हुआ



**गीदम।** वीरांगना मासक देवी नाग शासकीय महाविद्यालय जावंगा गीदम में प्राचार्य डॉ. विवेक शर्मा के मार्गदर्शन एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुरेंद्र कुमार महला के संरक्षण में व्यास पूजन एवं गोस्वामी तुलसीदास जयंती का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सुरेश कुमार यादव सहायक प्राध्यापक की उपस्थिति रही। साथ ही हरि शंकर साहू, डॉ. संजीव मांझरे, मुकेश सार्वा एवं डॉ. सम्राट ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

## निधन

### भवानी कश्यप



**जगदलपुर।** लोहंडीगुड़ा विकासखंड के चित्रकोट पुलिस चौकी प्रभारी 55 वर्षीय भवानी कश्यप का कल शहर के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे पूर्व विधायक लच्छुराम कश्यप के छोटे भाई थे। गृह ग्राम कोड़ेबेड़ा में अंतिम संस्कार सोमवार को किया गया । अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पुलिस कर्मचारी एवं गांववासी शामिल हुए। वे पत्नी, दो पुत्र, दो पुत्री समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

# नवाचार को ग्रामीणों ने सराहा, 15 अगस्त को शिक्षकों का पंचायत करेगी सम्मान

■ प्राथमिक शाला बड़ेपारा के शिक्षकों की अनोखी पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोंड

बस्तर विकासखण्ड के सबसे दुरस्त अंचल के शासकीय प्राथमिक शाला बड़ेपारा चेराकुर संकुल केंद्र मांदलापाल ब्लॉक बस्तर में बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए एक प्रेरणादायक और रचनात्मक नवाचार देखने को मिल रहा है। शाला के प्रधान पाठक शकमलोचन पाण्डे और सहायक शिक्षक राजेश देवांगन की अनोखी पहल के चलते अब विद्यार्थी नियमित रूप से विद्यालय आ रहे हैं। बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के उद्देश्य से दोनों शिक्षकों ने एक रोचक योजना शुरू की है, जो छात्र पूरे महीने अधिकतम दिन स्कूल आते हैं, उन्हें पुरस्कार स्वरूप पहाड़ा किताब भेंट की जाती है। यह न केवल बच्चों में गणितीय दक्षता बढ़ा रही है, बल्कि उपस्थिति के प्रति उनमें उत्साह और जिम्मेदारी की भावना भी विकसित कर रही है।



शिक्षकों ने बताया कि पहले कई बच्चे विद्यालय अनियमित रूप से आते थे, लेकिन जब से यह योजना लागू की गई है, तब से अधिकांश बच्चे पूरे महीने नियमित आ रहे हैं। बच्चों को जब पुरस्कारस्वरूप किताबें मिलती हैं, तो उनमें गर्व की अनुभूति होती है और वे अगली बार फिर पुरस्कार पाने के लिए प्रेरित होते हैं। अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना की है। उनका कहना है कि अब बच्चे स्वयं समय पर स्कूल जाने की जिद करने लगे हैं और पढ़ाई में रुचि बढ़ी है।

शाला परिवार को ग्राम पंचायत की ओर से 15 अगस्त को सम्मानित करने की घोषणा सरपंच आनन्द बघेल ने की है उन्होंने बताया कि 54 बच्चे दर्ज है प्रतिदिन 50 बच्चे से अधिक उपस्थित रहते हैं।

**अन्य शालाओं में भी नवाचार को लागू करवाएंगे**

इस सबंध में शाला के इस नवाचार की संकुल समन्वयक देवेंद्र सोनी ने भी सराहना करते हुए कहा कि यह पहल अन्य विद्यालयों के लिए भी एक प्रेरणा बन सकती है, साथ ही बच्चों में परस्पर प्रतियोगी भावना का भी विकास होगा। इस तरह के नवाचार सभी शालाओं में भी लागू करने की अपील की है।

### इंद्रावती नदी से जल भरकर की भोलेनाथ की पूजा, नगर में उमड़ा श्रद्धाओं का सैलाब

# 500 कांवड़ियों और 200 महिला श्रद्धालुओं ने किया शिव का जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपालपटनम

श्रावण मास के पावन अवसर पर भोपालपटनम स्थित प्राचीन शिव मंदिर में चौथी वार्षिक भव्य कांवड़ यात्रा श्रद्धा और भक्ति भाव से सम्पन्न हुआ। इस विशेष आयोजन में भोपालपटनम सहित आस-पास के ग्रामीण अंचलों से 500 कांवड़िए और 200 महिला श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा में भाग लिया। श्रद्धालुओं ने इंद्रावती नदी तिमेड़ घाट से पवित्र जल भर 4 किलोमीटर की पैदल चल शिव मंदिर पहुँचकर भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।

सुबह 8 बजे मां गंगा की पूजा-अर्चना के साथ कांवड़ यात्रा की शुरुआत हुई। पारंपरिक वस्त्रों में सजे श्रद्धालुओं ने कांधे पर कांवड़ उठाकर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों के साथ मंदिर की ओर पदयात्रा की। रास्ते भर श्रद्धालुओं का फूलों की वर्षा से स्वागत किया गया। गोल्लागुड़ा चौक पर पेयजल की व्यवस्था नगर पंचायत द्वारा की गई थी।





इस बार की यात्रा की विशेष बात रही महिलाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी। 200 महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर मंदिर तक पैदल यात्रा की और भगवान शिव की आराधना में सहभागी बनीं।

शिव मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया था। रंग-बिरंगे गेंदा फूलों, भगवा तोरणों और झंडों से सजे परिसर ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान की। मंदिर पहुंचकर सभी कांवड़ियों ने विधिवत रूप से शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। यात्रा के पश्चात मंदिर समिति द्वारा सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में नगर पंचायत भोपालपटनम, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस प्रशासन ने भी महत्त्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। सुरक्षा, सफाई और पेयजल की व्यवस्था चाक-चौबंद रही।

शिव मंदिर समिति ने बताया कि कांवड़ यात्रा की यह परंपरा वर्ष 2022 से लगातार जारी है और हर वर्ष इसमें श्रद्धालुओं की भागीदारी बढ़ती जा रही है। यह आयोजन धार्मिक, सामाजिक समरसता, सेवा और एकजुटता का प्रतीक बन चुका है। श्रावण के चौथे सोमवार को आयोजित यह कांवड़ यात्रा भोपालपटनम में धार्मिक चेतना और संस्कृति का जीवंत उत्सव बनकर उभरी, जिसमें श्रद्धालुओं की आस्था देखते ही बन रही थी।

# वार्ड 10 की बदहाल स्थिति से जनता परेशान

**प्रशासन की अनदेखी पर भड़के पूर्व नपं उपाध्यक्ष**

■ अंधेरे और गंदगी के कारण जहरीले सांपों का बढ़ गया है खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपालपटनम

बीजापुर जिले के भोपालपटनम नगर के वार्ड क्रमांक 10 की बिगड़ती स्थिति को लेकर पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष बी. वेंकटेश्वर राव ने गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि वार्ड में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है, जिससे स्थानीय निवासी बेहद परेशान हैं।

उन्होंने बताया कि हर शाम 6 बजे से लेकर सुबह तक आवारा पशुओं का झुंड सड़कों पर जमा रहता है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इस विषय को लेकर कई बार समाचार पत्रों में भी प्रकाशन हो चुका है, लेकिन नगर पंचायत अब तक गहरी नींद में है।

वार्ड में नालियों की सफाई न होने के कारण चारों ओर गंदगी फैली हुई है। नल-जल योजना के अंतर्गत भी नागरिकों को पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है। नल सिर्फ 15 मिनट के लिए चलता है, जिससे लोग मुश्किल से दो-तीन बाल्टी पानी ही भर पाते हैं।

सड़क किनारे स्थित नालियों की स्थिति अत्यंत दयनीय है। बरसात के मौसम में नाली का गंदा पानी सड़क पर बहता है, जिससे संपूर्ण क्षेत्र में गंदगी फैल जाती है। इसके कारण डेंगू, मलेरिया और टाइफाइड जैसी घातक बीमारियों के फैलने की आशंका बनी रहती है।

स्ट्रीट लाइटें होने के बावजूद वे जलती नहीं हैं, जिससे रात के समय पूरा इलाका अंधेरे में डूबा रहता है। बरसात के इस मौसम में अंधेरे और गंदगी के कारण जहरीले सांपों का खतरा भी बढ़ गया है।

वेंकटेश्वर राव ने कहा कि नगर प्रशासन और जिला प्रशासन इन गंभीर समस्याओं को नजरअंदाज कर रहा है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों की उदासीनता पर भी सवाल उठाए और मांग की कि नगर व जिला प्रशासन तत्काल प्रभाव से इन समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक कदम उठाएं ताकि वार्डवासियों को राहत मिल सके।

# खाद्य प्रतिष्ठानों में 65 खाद्य नमूनों की हुई जांच, 20 प्रतिष्ठानों पर जुर्माना

■ बने खाबों-बने रहिबों विशेष जांच अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

कार्यालय खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार वर्षा ऋतु और आगामी रक्षाबंधन त्योहार को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार प्रदेशभर में खाद्य सुरक्षा को लेकर बने खाबों-बने रहिबों राज्य स्तरीय विशेष जांच एवं जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में दंतेवाड़ा जिले में 4 से 6 अगस्त तक खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा सघन निरीक्षण अभियान चलाया गया, जिसमें जिले के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों की गहन जांच की गई।

अभियान के दौरान खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के अंतर्गत स्ट्रीट फूड विक्रेताओं, होटल, रेस्टोरेंट, मिठाई दुकानों और किराना दुकानों का निरीक्षण किया गया। चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से कुल 65 खाद्य नमूनों को जांच हेतु संग्रहित किया गया। जांच के दौरान पुराना बस स्टैंड, नया बस स्टैंड चौपाटी, अंबेडकर पार्क स्थित चौपाटी सहित फास्ट फूड ठेलों से मोमोज, गुपचुप, आलू मसाला, खट्टा-मीठा पानी, फूड कलर, चाउमीन, चिल्ली सॉस, टोमैटो सॉस और खाद्य तेल के नमूने लिए गए।



वहीं, होटल और रेस्टोरेंट से बिरयानी चावल, ग्रेवी, पकी दाल, पनीर सहित अन्य व्यंजनों के , मिठाई दुकानों से रसगुल्ला, बर्फी, पेड़ा, खोया, काजू कतली, मेसूर पाक, बेसन लड्डू, नमकीन मिक्सचर, किराना दुकानों से बेसन, सूजी, आटा, मैदा, नमकीन और शक्कर के नमूने जांच के लिए लिए गए। निरीक्षण के दौरान कई प्रतिष्ठानों में सफाई व्यवस्था मानकों के अनुरूप नहीं पाई गई। इस पर 20 खाद्य प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 4100 रुपये का चालान किया गया।

इसके अलावा पांच व्यापारियों को नोटिस जारी करते हुए अमानक और दूषित खाद्य सामग्री को तत्काल नष्ट कराया गया। विभाग द्वारा चेतावनी दी गई कि भविष्य में यदि ऐसी लापरवाही दोबारा पाई जाती है, तो संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें उनका खाद्य लाइसेंस निलंबित करना भी शामिल है।

### भर्ती परीक्षा में 660 परीक्षार्थियों ने लिया भाग

**दंतेवाड़ा।** जिले में प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, जिसमें कुल 772 अभ्यर्थियों में से 660 परीक्षार्थियों ने भाग लिया तथा 112 अनुपस्थित रहे। परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु जिले में कुल 3 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा शांतिपूर्ण और निष्पक्ष माहौल में संपन्न हुई। परीक्षा संचालन हेतु छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा जारी 14 नए दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन किया गया। इन निर्देशों के अनुसार परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, गोपनीयता, परीक्षा सामग्रियों का सुरक्षित परिवहन एवं निष्पक्ष निगरानी जैसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं।

# उत्कृष्ट कार्य करने पर बीजापुर को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

संपूर्णता अभियान के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलों और विकासखंडों को राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उत्कृष्ट कार्य के लिए जिलों और विकासखंडों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर बीजापुर जिले के अपर कलेक्टर भूपेंद्र कुमार अग्रवाल को आकांक्षी विकासखंड उसूर में बेहतर कार्य के लिए कांस्य पदक से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि संपूर्णता अभियान ने ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की गति को तेज किया है। यह अभियान ग्रामीण बदलाव का सशक्त माध्यम बन चुका है। उन्होंने कहा कि सभी जिलों और विकासखंडों ने अभियान के तहत उल्लेखनीय कार्य कर यह साबित कर दिया है कि समर्पित प्रयासों से हर क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, गुरु खुशवंत साहेब, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, नीति आयोग के सदस्य सचिव आशीष भट्ट, सदस्य के. सुब्रमण्यम सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। संपूर्णता अभियान के तहत एएनसी पंजीकरण, गर्भवती महिलाओं के पोषण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, बिजली युक्त स्कूल, समय पर पाठ्यपुस्तक वितरण, टीकाकरण, मधुमेह व रक्तचाप जांच, और स्व-सहायता समूहों को निधि उपलब्धता जैसे छह प्रमुख संकेतकों पर विशेष कार्य किया गया।



इन प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। यह सम्मान समारोह आकांक्षी जिलों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनकर आगे और बेहतर कार्य करने की दिशा में मार्ग प्रशस्त करेगा।

# विद्यार्थियों को पद और कर्तव्यों की दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल करमरी में 5 अगस्त को छात्रों का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र नेतृत्व के विभिन्न पदों पर चयनित विद्यार्थियों को पद और कर्तव्यों की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के हेड बॉय के रूप में कक्षा 10वीं के मोहित कश्यप एवं हेड गर्ल के रूप में कक्षा 10वीं की रेचल भतरा का चयन किया गया। शिक्षक प्रभारी हितेश कुमार ने सभी चयनित छात्र-छात्राओं को नेतृत्व की शपथ दिलाई तथा रामायण से प्रेरणा लेते हुए मर्यादा, दायित्वबोध, सेवा भाव और नेतृत्व कौशल पर प्रेरणादायक उद्बोधन दिया। उन्होंने प्रभु श्रीराम के चरित्र को आदर्श मानते हुए छात्रों को जिम्मेदारी, संयम और साहस के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन नम्रता साहू ने प्रभावशाली शैली में किया, वहीं धन्यवाद ज्ञापन सुश्री ऋचा देवांगन द्वारा किया गया। इस आयोजन में विद्यालय परिवार व विद्यार्थियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। विद्यालय प्रबंधन ने सभी चयनित छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### निर्माण व स्वीकृत कार्यों का हुआ मूल्यांकन

**दंतेवाड़ा।** आदिम जाति विकास विभाग अन्तर्गत चल रहे स्वीकृत एवं निर्माण कार्यों के संबंध में कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में कलेक्टर कुणाल दुदावत के द्वारा विभागीय बैठक ली गई। बैठक में विभागीय मद अन्तर्गत नाबार्ड पोषित भवन निर्माण कार्य, यथा कन्या/बालक छात्रावास, अतिरिक्त कक्ष निर्माण, बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण अन्तर्गत आरसीसी स्लेब पुलिया निर्माण, छात्रावासों में वाटर कूलर प्रदाय, सीसी नाली निर्माण कार्य, मिट्टी मुरूम सड़क निर्माण कार्य, छात्रावासों के मरम्मत रखरखाव, के अलावा डीएमएफ निधि से स्वीकृत कार्यों के संबंध में कलेक्टर द्वारा विस्तृत दिशा निर्देश दिए गए।

# मात्र दो हजार महीने में जीवन यापन को मजबूर मध्यान्ह भोजन रसोइया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

छत्तीसगढ़ राज्य के प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में वर्ष 1996 से अपनी सेवाएं दे रहे हैं मध्यान्ह भोजन रसोईयों की स्थिति अत्यंत चिंताजनक बनी हुई है। मात्र 2000 रुपए मासिक मानदेय में कार्य कर रहे है। ये रसोइया न केवल बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने का उत्तरदायित्व निभा रहे है बल्कि विद्यालयी व्यवस्थाओ का भी एक अहम हिस्सा है। इस अल्प मानदेय में वे अपने परिवार का दो वक्त का भोजन तक नहीं जुटा पा रहे है। विडंबना यह है कि सरकार की तरफ से मानदेय बढ़ाने की बात को अनसुना कर दिया गया। धरातल पर कोई ठोस निर्णय नहीं दिया गया। हाल ही में चुनाव पूर्व मोदी जी की गारंटी के तरह 50 प्रतिशत मानदेय वृद्धि का वादा भी किया गया था लेकिन अब वह भी अनसुना होता दिख रहा है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला सचिव पीला राम सिन्हा ने सरकार से मांग की है कि मध्यान भोजन रसोईयों के मानदेय में शीघ्र ही बढ़ोतरी की जाए। उन्होंने कहा कि इन रसोइयों को कम से कम 5000 मासिक मानदेय देने का आदेश जल्द जारी किया जाए। जिससे वे सामान्यपूर्वक जीवन यापन कर सके। सिन्हा ने यह चेतावनी दी कि यदि जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो प्रदेशव्यापी आंदोलन की राह अपनाई जाएगी। यह मांग न केवल न्यायोचित है बल्कि इन मेहनतकश लोगों की गरिमा और अधिकारो की रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है।



# प्रकृति माता की सेवा से बढ़कर और कोई काम नहीं: सरिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बकावंड

पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास बकावंड में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। छात्रावास परिसर में कई फलदार पौधे रोपे गए।

इस अवसर पर जिपं सदस्य सरिता जितेंद्र पाणिग्रही, जपं अध्यक्ष सोनवारी भद्रे, जनपद उपाध्यक्ष तरुण पांडे, जनपद सदस्य अनिल सेठिया, बकावंड भाजपा मंडल महामंत्री रणवीर सिंह, कोषाध्यक्ष जगमोहन ठाकुर, मंडल संयोजक लीलाधर कश्यप, जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारी उपस्थित थे। जिपं सदस्य सरिता जितेंद्र पाणिग्रही ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान देश, धरती और पर्यावरण को बचाने के लिए शुरू किया है। मोदी द्वारा देशवासियों से पेड़ लगाने की अपील लगातार की जा रही है। श्रीमती पाणिग्रही ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस के दिन एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू किया गया था। इस दौरान प्रधानमंत्री ने देशवासियों से अपील करते हुए कहा था कि एक पेड़ मां के नाम पर जरूर पौधरोपण करें क्योंकि दुनिया सबसे अनमोल रिश्ता मां का होता है, हम सभी के जीवन में मां का दर्जा सबसे ऊंचा होता है, धरती और प्रकृति भी हमारी मां है। सारिता पाणिग्रही ने मां, धरती और प्रकृति की महिमा का शानदार ढंग से बखान करते हुए कहा कि एक मां ने हमें जन्म दिया है, धरती माता जीवन दे रही है और प्रकृति माता हमें प्राणवायु एवं जीने के सुख साधन देती है।



वैसे भी हम बस्तर के लोग प्रकृति के परम उपासक होते हैं, इसलिए धरती और प्रकृति की सेवा करने का हमार कर्तव्य बढ़ जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को रोपे गए पौधों के संरक्षण संवर्धन करने की नसीहत दी।

समक्षः- श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी दण्डाधिकारी कोण्टा, जिला- सुकमा छ.ग.

**:: शपथ-पत्र ::**

मैं श्रीमती पुप्पाला चारुशीला, पति- श्री पुप्पाला श्रीनिवास राव, आयु 44 वर्ष, निवासी- कोण्टा, पोस्ट - कोण्टा, तहसील - कोण्टा, जिला सुकमा, छ.ग. पिनकोड़ नं-494114, शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन अभिव्यक्त करती हूँ किः-

1. यह कि मेरा नाम एवं पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरी पुत्री का नाम एवं उपनाम- पुप्पाला सहजा, पिता- श्री पुप्पाला श्रीनिवास राव रहा है, जो कि मेरी पुत्री के शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों एंव अभिलेखों में अकिंतानुसार सत्य एवं सही है।
3. यह कि त्रुटिवश मेरी पुत्री के नाम से जारी आधार कार्ड में नाम सहजा, पिता- श्री श्रीनिवास अंकित कर दिया गया है।
4. यह कि मेरी पुत्री का नाम एवं उपनाम मेरे उपनामानुसार, पुप्पाला सहजा, पिता- श्री पुप्पाला श्रीनिवास राव, एवं सहजा पिता- श्रीनिवास राव यें नाम मेरी पुत्री का ही नाम है। किसी अन्य का नाम नही है।
5. यह कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड मे मेरे उपनामानुसार सहजा के स्थान पर पुप्पाला सहजा सुधार कर अंकित कराना चाहती हूँ।
6. यह कि मेरी पुत्री के नाम से जारी आधार कार्ड में नाम सुधार करने के समर्थन में यह शपथ-पत्र बनाया गया है।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

उपरोक्त शपथकर्ता सत्यापित करती हूँ कि उपरोक्त शपथ-पत्र में वर्णित तथ्य मेरे स्वतः के निजी ज्ञान एवं विश्वास से सत्य एवं सही है। सत्यापन आज दिनांक 01.07.2025 को स्थान कोण्टा में हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

पुप्पाला
शपथकर्ता

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)

प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण (शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)
रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
रायपुर रोड, ग्राम - लिमतरा, धमतरी
जिला - धमतरी (छ.ग.)
9300696600, 9300407100
TEAM CREATIVE

**खबर संक्षेप**

### 15 दिन में मांग पूरी नहीं होने पर करेंगे आंदोलन

**जगदलपुर।** नियमित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कल्याण संघ (शिक्षा विभाग) बस्तर ने जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर 2018 से लंबित पदोन्नति प्रक्रिया को शीघ्र प्रारंभ करने की मांग की है।

संघ ने अवगत कराया है कि 2018 के उपरांत अब तक किसी भी प्रकार से नवीन पदोन्नति प्रक्रिया प्रारंभ नहीं की गई है, जबकि शासन के स्पष्ट निर्देश होने के बावजूद जिले में पदोन्नति कार्यवाही लंबित पड़ी है। अन्य जिलों में यह प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। संघ ने इस देरी पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे कर्मचारियों में असंतोष, मानसिक दबाव और भविष्य को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

संघ ने प्रशासन को 15 दिवस की समय-सीमा देते कहा है कि यदि इस अवधि में पदोन्नति कार्यवाही प्रारंभ नहीं होती है, तो आंदोलन किया जाएगा।

### विश्व हेपेटाईटिस दिवस पर जनजागरूकता

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशानुसार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बीजापुर के मार्गदर्शन में पर विश्व हेपेटाईटिस दिवस के उपलक्ष्य में जिले में कार्यरत समस्त स्वास्थ्य अधिकारियों, कर्मचारियों एवं मितानीनों का हेपेटाईटिस 'बी' एवं 'सी' की जांच कर हेपेटाईटिस बी का टीकाकरण किया गया। छात्र-छात्राओं को एवं आम जनों को हेपेटाईटिस के कारण, लक्षण एवं बचाव की जानकारी दी गई। जिसमें बताया गया की हेपेटाईटिस दूषित भोजन, पानी, शराब एवं वसा युक्त खान-पान व असुरक्षित जीवन शैली के कारण होता है। जिसके लक्षण बुखार में चकते आना, थकान, भूख कम लगना, अवसाद, गठिया, जोड़ों में दर्द, अनिद्रा, पैरों में सूजन, त्वचा में खुजली, पेशाब का गहरे रंग का होना हैं। जिसमें हेपेटाईटिस के बचाव हेतु दूषित भोजन, पानी, शराब एवं वसा युक्त खान पान से बचाव, हाथों को साफ पानी एवं साबुन से धायें, फल सब्जियों को अच्छी तरह धोकर उपयोग करें, खाद्य पदार्थ को अच्छी तरह पकाकर खायें साथ ही स्वच्छ जल का उपयोग करें एवं पानी को उबाल कर पियें, खुले में शौच न करें एवं के बचाव हेतु रक्त तथा रक्त उत्पात पंजीकृत ब्लड बैंक से ही लेंवें, इंजेक्शन व रेजर ब्लेड को एक ही बार उपयोग में लाएं, 0-1 वर्ष के बच्चे का हेपेटाईटिस 'बी' का टीका अवश्य लगवाएं।

# स्वच्छ केंद्र मॉडल के तहत अपनाई गई समेकित रिसाइक्लिंग प्रणाली की ली जानकारी

## ओडिशा की टीम ने किया एमआरएफ एवं एमआरसी सेंटर बुरुंडवाड़ा का अध्ययन भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत अध्ययन एवं अवलोकन भ्रमण कार्यक्रम के तहत जिला परिषद सुंदरगढ़ ओडिशा की टीम ने सोमवार को बस्तर जिले के बुरुंडवाड़ा सेमरा में स्थापित मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) और मटेरियल रिसाइक्लिंग सेंटर (एमआरसी) का भ्रमण कर कचरा प्रबंधन और प्रसंस्करण के बारे में विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान जिला पंचायत बस्तर तथा नगरीय निकाय के अधिकारियों ने जिले में समुदाय की सहभागिता से चलाए जा रहे कचरा प्रबंधन सम्बन्धी पहल के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत कराया।





### अनुभव क्षेत्र में सुधार के लिए सहायक सिद्ध होंगे

अपने अध्ययन भ्रमण के दौरान ओडीशा की टीम के सदस्यों ने कहा कि यह अवलोकन यात्रा सुंदरगढ़ जिले में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए उपयोगी रही। विशेष रूप से संग्रहण, वर्गीकरण और पुनःप्रक्रिया को एकीकृत करने की प्रक्रिया से जुड़े व्यावहारिक अनुभव इस क्षेत्र में सुधार के लिए सहायक सिद्ध होंगे।

इस अध्ययन भ्रमण के दौरान ओडिशा की टीम ने जिला प्रशासन बस्तर के द्वारा संचालित बुरुंडवाड़ा सेमरा एमआरएफ के माध्यम से जिले में कचरा संग्रहण और वर्गीकरण की व्यवस्थित प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखा। टीम ने यह अनुभव किया कि किस प्रकार स्रोत स्तर पर ही कचरे को अलग-अलग श्रेणियों (सूखा, प्लास्टिक आदि) में वर्गीकृत किया जाता है और फिर उसकी आगे की प्रक्रिया हेतु तैयार किया जाता है। इसके पश्चात टीम ने एमआरसी केंद्र का भी भ्रमण किया, जिसे सृष्टि वेस्ट मैनेजमेंट सर्विस द्वारा संचालित किया जा रहा है। यहां टीम ने जिला पंचायत बस्तर और स्थानीय निकायों से सहयोग प्राप्त 'स्वच्छ केंद्र मॉडल' के तहत अपनाई गई समेकित रिसाइक्लिंग प्रणाली के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उक्त टीम द्वारा विशेष रूप से यह देखा गया कि किस प्रकार से एमआरएफ और एमआरसी इकाइयों के बीच समन्वय स्थापित कर कचरे को पुनः उपयोगी सामग्री जैसे प्लास्टिक ग्रैन्यूल में बदलाव किया जा रहा है।

## एक पेड़ मां के नाम का हुआ आयोजन

# प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को मिला आवास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत गुरु गोविंद सिंह वार्ड में पांच लाभार्थी परिवारों को आवास की चाबियां सौंपी गईं। ये सभी परिवार हितग्राही अंशदान की राशि जमा कर चुके हैं। इस अवसर पर उन्हें नवीन विद्युत मीटर कनेक्शन हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। महापौर संजय पांडे, बे्रेवरेज कॉरपोरेशन अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, नगर निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन एवं पीडब्लूडी सभापति निर्मल पाणिग्रही एवं आयुक्त प्रवीण वर्मा की उपस्थिति में हितग्राहियों को मालिकाना हक दिया गया। एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया।

महापौर ने वार्डवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए प्रेरित करते कहा विधायक किरण सिंह देव के मार्गदर्शन में पूरे शहर का विकास किया जाएगा। श्रीनिवास राव मद्दी ने कहा प्रधानमंत्री के सपनों को साकार करने के लिए हर घर को छत देना हम सब का संकल्प होना चाहिए,एक पेड़ मां के नाम से लगाना हम सबके लिए गर्व की बात है।

नगर निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन ने कहा पार्षद संग्राम सिंह राणा के सक्रियता के चलते वार्डवासियो को सुविधाए प्रदान की जा रही है। विधायक की दूर दृष्टि के कारण शहर का विकास हो रहा है। संचालन पार्षद एवं आभार आयुक्त ने किया।





**कार्यक्रम में ये रहे मौजूद**

इस कार्यक्रम लक्ष्मण झा, संजय विश्वकर्मा, कलावती कसेर, श्याम सुंदर बघेल, रोशन सिसोदिया,बसंती समरथ,ममता राणा,ललिता बघेल, अल्का सेंगर,संजय चंद्राकर, विभा सिंह,मीना विश्वकर्मा,रिंकू शर्मा, पंकज आचार्य,नीलम यादव, संतोष त्रिपाठी, सुरेश कश्यप,राजपाल कसेर, मिना कश्यप, सुरेंद्र,नन्दलाल,रितेश सिन्हा, गोपाल भारद्वाज,अमर सिंह, भूपेश साहू अरुण सहित नगर पालिका निगम के कर्मचारी व वार्ड वासी उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य मंत्री का आत्मीय स्वागत...



**जगदलपुर।** स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का सर्किट हाउस में महापौर संजय पाण्डेय के साथ भाजपाइयों ने स्वागत किया। वहीं बस्तर के पूर्व कलेक्टर तथा वर्तमान में स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया का भी स्वागत किया गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पाण्डे, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, सुरेश गुप्ता, निर्मल पाणीग्राही, संजय विश्वकर्मा, लक्ष्मण झा, कलेक्टर हरीश एस, सीएमएचओ डॉ संजय बसाक तथा सिविल सर्जन महारानी अस्पताल डॉ संजय प्रसाद समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# प्रधान अध्यापक की सेवानिवृत्ति पर विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

कन्या आश्रम शाला बड़े तुमनार के प्रधान अध्यापक संग्राम सिंह नेताम को सेवा अवधि पूर्ण होने पर भावपूर्ण विदाई दी गई। विदाई कार्यक्रम समारोह का आयोजन संकुल केन्द्र बड़े तुमनार एवं कन्या आश्रम शाला के शाला परिवार के संयुक्त तत्वाधान में सम्पन्न हुआ। संग्राम सिंह नेताम सर अपने 36 वर्षो के सेवाकाल में अलग अलग संस्थाओं में अधीक्षक, प्रभारी प्राचार्य एवं संस्था प्रमुख के रूप में अपनी सेवाए दी। वे अपने मृदुल-मिलनसार सहज व सरल व्यक्तित्व के रूप में अपने अधीनस्थ एवं सह-कर्मी शिक्षकों के बीच चर्चित थे। विदाई के इस कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों व जनप्रतिनिधियों ने इनके कार्यकाल के दौरान हुए अपने-अपने अनुभव साझा किया व उज्वल भविष्य लिए शुत्रकामनाएं दी। कार्यक्रम में विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी सुश्री भवानी पुनेम, बडेतुमनार के संकुल समन्वयक मनोज कुड़ियाम, मोफलनार के संकुल समन्वयक कैलाश कश्यप, संकुल के तमाम शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम मे संकुल केन्द्र बड़े तुमनार से पदोन्नत एवं स्थानांतरित शिक्षक शिक्षिकाओं को संकुल परिवार की ओर से संकुल समन्वयक मनोज कुड़ियाम ने सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन संतोष कुमार आलेंद्र ने किया।



# सिन्धी समाज हर्षोल्लास के साथ मनाएगा तीजड़ी व थदड़ी पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सिन्धी समाज की महिलाओं द्वारा तीजड़ी एवं थदड़ी पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा, किसी भी धर्म के त्योहार और संस्कृति पहचान होती हैं। सिन्धी समाज की पूजन प्रभारी चंद्रा देवी नवतानी ने बताया कि तीजड़ी पर्व जिसे सिंधी तीज भी कहा जाता है, सिंधी समुदाय में मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण त्यौहार है। यह त्यौहार पति की लंबी उम्र और परिवार की समृद्धि के लिए मनाया जाता है, महिलाएं इस दिन उपवास रखती हैं, पूजा-अर्चना करती हैं और तीजड़ी की कथा सिन्धी गुरुद्वारा में सुनती हैं।

सिन्धी पंचायत की सुहिणी सोच महिला विंग अध्यक्ष लक्ष्मी नवतानी ने बताया महिलाएं तीजड़ी व थदड़ी की रात में चांद को अर्ग देकर भोजन ग्रहण करती हैं हमारे समाज के तीजड़ी पर्व व थदड़ी त्यौहार में यदि चंद्रमा नहीं दिखता तो महिलाएं आमतौर पर अगली सुबह पूजा करने के बाद अपना व्रत तोड़ देती हैं। थदड़ी पर्व पर ठंडा खाना खाया जाता है, जो एक दिन पहले बनाया जाता है।



**सोनपुर में मना विश्व स्तनपान सप्ताह**

# माताओं को बताए गए स्तनपान के फायदे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड के सेक्टर करपावंड के सोनपुर खासपारा आंगनबाडी केन्द्र में विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया गया। खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरीश मरकाम की उपस्थिति में स्तनपान माताओं को इस सप्ताह मनाने के फादये बताये एवं बीएमओ ने कहा कि मां का दूध बच्चे के जन्म के बाद पहला घंटा बहुत महत्वपूर्ण होता है। जिसमें मां का पहला गाढ़ा पिला दूध जिसमें कोलेस्ट्रम होता है, जिसे ग्रामीण भाषा मे चिकी गोरस कहा जाता है उसे पिलाना अति आवश्यक है, जिससे बच्चों में रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़ती है।



बीईटीओ पदमनी लाल ने बताया कि मां का पहला दूध सभी टीका से अच्छा है, जिससे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। पर्यवेक्षक दिनेश पराते ने कहां कि गर्भवती माताओं को संस्था में प्रसव कराने पर सिस्टर के द्वारा उस माता को दूध पिलाने का समय एवं तरीके के बारे मे विस्तार पूर्वक समझाया जाता है, जिससे बच्चे एवं मां दोनों के स्वास्थ्य पर अच्छा प्रभाव पड़ता है। एलएचवी नीना शांडिल्य द्वारा परिवार नियोजन के साधनों को विस्तार से समझाया एवं कहा प्रसव के पश्चात भी मां को छह माह तक आयरन फोलिक की दवा लेना अनिवार्य होता है एवं साथ में जच्चा एवं बच्चा की देखरेख अच्छे से करना है। महिला बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक के द्वारा उपस्थित महिलाअं को प्रधानमंत्री मातृ वंदना के बारे में विस्तार से बताया कि प्रथम गर्भवती माता के टीके लगने एवं जांच होने पर प्रसव पश्चात हितग्राही के खाते में उक्त योजना से पांच हजार रुपए शासन द्वारा प्राप्त होता है, जिसमें बैक खाता एवं आधार अपडेट होना अनिवार्य होता है। महिलाओं को पर्यवेक्षक के द्वारा बताया कि प्रथम माह मे एएनएम के पास पंजीयन कराना अनिवार्य है, प्रथम तीन माह बहुत महत्वपूर्ण होता है। गर्भवती माता को फोलिक एसिड की दवा अवश्य लेना होता है, जिससे गर्भ में रुके बच्चे का मानसिक विकास होता है।

# हाऊसिंग बोर्ड सिविल लाइन में करेगा रिडेवलपमेंट कार्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ हाऊसिंग बोर्ड रायपुर आयुक्त के निर्देश पर जगदलपुर प्रक्षेत्र के अपर आयुक्त एचके वर्मा हॉल ही में कांकेर कलेक्टर निलेश क्षीसागर से मिले। इस दौरान कांकेर के सिविल लाईन में रिडेवलपमेंट कार्य मांग, जिसे कलेक्टर ने अनुमति दी। साथ ही रावघाट में स्कूल, अस्पताल, कांकेर में जिला अस्पताल में ब्लड बैंक सेंटर भवन का निर्माण हाऊसिंग बोर्ड द्वारा किया जाएगा। इसका शीघ्र ही निविदा करने का निर्देश दिया। इस दौरान बोर्ड के उपायुक्त जीपी प्रजापति भी शामिल रहे।

## दिनभर के ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक सत्रों की रही श्रृंखला

# छात्राओं ने किया आत्मचिंतन, आंतरिक शांति और आत्मबल का अनुभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

धरमू माहरा शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक में चल रहे इंडक्शन कार्यक्रम के दूसरे दिन की शुरूआत योग एवं ध्यान सत्र से हुई, जिसका संचालन कार्यक्रम समन्वयक हेमचंद्र देवांगन ने किया। इस सत्र में छात्राओं ने आत्मचिंतन, आंतरिक शांति और आत्मबल का अनुभव किया। इसके पश्चात दिनभर के ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक सत्रों की श्रृंखला आरंभ हुई। मुख्य सत्र में डॉ. बीएल देवांगन एवं डॉ. नमिता अगरकर द्वारा नैतिक एवं मानव मूल्य विषय पर संवादात्मक चर्चा की गई। इस सत्र के माध्यम से वद्यिार्थियों में सम्मान, सहानुभूति, ईमानदारी और जम्मिेदारी जैसे मूलभूत मानवीय गुणों का विकास करने का प्रयास किया गया। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए प्रश्न पूछे और अपने विचार साझा किए। इसके पश्चात एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी सुषमा देवांगन एवं बीएलओ धरमपुरा, इरफान पठान द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना एवं मतदाता जागरूकता पर जानकारी पूर्ण सत्र का संचालन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य छात्राओं में सामाजिक दायत्वि की भावना जागृत करना, सामुदायिक सेवा के माध्यम से उनके व्यक्तत्वि का विकास करना और उन्हें मतदान की प्रक्रिया, उसके महत्व तथा मतदाता के रूप में नामांकन के बारे में जागरूक करना था।

- शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक में दूसरे दिन इंडक्शन कार्यक्रम



### उत्साह का हुआ संचार

दिन का समापन ऊजार्वान एवं रोचक आउटडोर खेल गतिविधियों के साथ हुआ, जिससे छात्रों में शारीरिक सक्रियता, टीम भावना और उत्साह का संचार हुआ। इंडक्शन कार्यक्रम का यह दूसरा दिन नवनर्मिति छात्राओं के लिए आत्मविकास, सामाजिक उत्तरदायत्वि एवं आनंदपूर्ण सहभागिता का सार्थक संगम साबित हुआ।

### बैंकिंग सुविधा की पहुंच बढ़ेगी गांवों में

**दंतेवाड़ा।** ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं को सुलभ और सहज बनाने के उद्देश्य से "ग्राम पंचायत अटल डिजिटल कनेक्ट" योजना के तहत दंतेवाड़ा जिले में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इसी क्रम में आज कलेक्टर कुणाल दुदावत ने पांच ग्राम पंचायतों बड़े बचेली, बालूद, जावंगा, बारसूर, कारली के नये नियुक्त बैंकिंग संवाददाताओं (बैंकिंग कॉरेस्पॉन्डेंट) को मोबाइल डिवाइस प्रदान किए। नये नियुक्त हुए बैंकिंग संवाददाता दूरस्थ ग्राम पंचायतों में बैंकिंग प्रणाली डिजिटलीकरण अन्तर्गत बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध करा सकेंगे। इस अवसर पर कलेक्टर ने नियुक्त बैंकिंग कॉरेस्पॉन्डेंट से मुखातिब होते हुए कहा कि अब गांवों के लोग घर बैठे ही महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पेंशन, श्रमिक जैसी विभिन्न जनहितकारी योजनाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर सकेंगे।

